सार-समाचार

अवैध अफीम के साथ दो गिरफ्तार

कपासन, (निसं)। जिला विशेष शाखा टीम व थाना कपासन पुलिस जाब्ता द्वारा गत रात्रि में नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थ अफीम के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कपासन थाना क्षेत्र में मोटर साईकिल पर परिवहन करते 3 किलो 650 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत् जिला विशेष शाखा टीम के प्रभारी लोकपाल सिंह पुलिस उपनिरीक्षक मय टीम को सूचना मिली कि कोई व्यक्ति कपासन थाना क्षेत्र के भट्टो का बामणीयां गांव से अवैध मादक पदार्थ अफीम लेकर कपासन की तरफ जाने वाले हैं। उक्त सूचना विश्वसनीय होने पर जिला विशेष शाखा प्रभारी ने तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुवे आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर उक्त सूचना थाना कपासन पर दी गई, जिस पर थाना कपासन से इंचार्ज थाना लादुलाल उनि, रतन लाल सउनि, कानि. नीरज, वेदप्रकाश, सहदेव, राजेन्द्र के कपासन थाना क्षेत्र के भट्टो का बामणीयां चौराहां पहुंच नाकाबंदी प्रारम्भ की। नाकाबंदी के दौरान सूचना अनुसार दो मोटरसाईकिलों पर एक-एक व्यक्ति बैठ कर आ रहे थे, जिनको रूकवा कर चैक किया गया तो एक के पास 2 किलो 50 ग्राम व दूसरे के पास एक किलो 600 ग्राम कुल 3 किलो 650 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम होना पाया गया। अवैध अफीम व दोनों मोटर साईकिल को जब्त कर दोनों आरोपियों कपासन थाने के भट्टो का बामणीया निवासी प्रकाश चन्द्र पुत्र भंवर तेली व भोलेशंकर पुत्र मोहनलाल कुम्हार को गिरफ्तार किया।

रात्रि चौपाल में सुनी जनसमस्याएं

उदयपुर, (कासं)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में ग्राम पंचायत तुलसीदास की सराय में उपखण्ड अधिकारी मनसुख राम डामोर ने रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन की समस्याएं सुनी। सरपंच तथा ग्रामीणों ने लोगों को पट्टा देने की मांग की ताकि उन्हें शहरी आवासीय योजनाओं का लाभ मिल सकें। इसके अलावा ग्राम पंचायत में दो नवीन आंगनवाड़ी खोलने व गुडली से मोतीखेडा सड़क निर्माण की भी मांग की। उपखण्ड अधिकारी ने आमजन सभी मांगों पर नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने अपने विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी दी। कृषि विभाग के नोडल अधिकारी ने कृषि विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का कम से कम उपयोग करने का आह्वान किया। रासायनिक खेती के दुष्प्रभावोंकी जानकारी देते हुए ओर्गेनिक खेती के लाभ के बारे में बताया।उपखंड अधिकारी मनसुख डामोर ने जलदाय, बिजली और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए समस्याओं का समय पर समाधान करें। ग्रामीणों की ओर से बताई गई बिजली और पानी की समस्याओं पर तुरंत मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देकर समाधान करवाया गया। रात्रि चौपाल में उपखण्ड अधिकारी मनसुख राम डामोर, कार्यवाहक तहसीलदार दयाराम सुथार, अतिरिक्त विकास अधिकारी अनिल श्रीमाली, सहायक विकास अधिकारी देवी सिंह झाला, समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण, सरपंच कन्हैयालाल गायरी, ग्राम विकास अधिकारी मोनिका तलेसरा, पटवारी नरेन्द्र चुण्डावत एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्रभारी नियुक्त

उदयपुर, (कासं)। भाजपा उदयपुर देहात ने प्रदेश संगठन के आगामी विविध संगठनात्मक एवं चुनावी कार्यक्रमों हेतु प्रभारियों की नियुक्ति की है।जिला महामंत्री दीपक शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान के निर्देशानुसार संगठन के कार्यक्रमों एवं मावली एवं कुराबड पंचायत समिति उप चुनावो हेतु प्रभारी नियुक्त किए गए हे, जिसके अंतर्गत 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु जिला प्रभारी दिलीप सिंह चौहान,सह प्रभारी ईश्वर शर्मा एवं दीपक शर्मा कानोड, 22 जून सुंदर सिंह भंडारी पुण्यतिथि कार्यक्रम हेतु जिला प्रभारी मुरारी लाल बंबूरिया, सह प्रभारी अनिल झारोली, ख्याली लाल जैन,23 जुन श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम जिला प्रभारी आकाश वागरेचा,सह प्रभारी गोपाल कुंवर,अक्षय मेहता 25 जून आपातकाल दिवस जिला प्रभारी चंद्रशेखर जोशी,गोपाल पालीवाल, राजश्री गांधी, 30 जून मन की बात जिला प्रभारी मयंक कोठारी,सह प्रभारी अमित कलाल,जगदीश खेरलिया को नियुक्त किया हे । जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने 30 जुन को मावली पंचायत समिति उप चुनाव हेतु प्रभारी जिला महामंत्री दीपक शर्मा,सह प्रभारी रोशन सुथार और भरत भानु सिंह देवडा को नियुक्त किया है ।वही कुराबड पंचायत समिति उप चुनाव हेतु प्रभारी जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह आसोलिया,सह प्रभारी रोशन मेहता एवं भरत मीणा को नियुक्त किया है।

नाले व नालियों की सफाई की

डूंगरपुर, (निसं)।शहर में वर्षा से पूर्व शहर के समस्त नालों और नालियों की सफाई हो उसके लिए सफाई शाखा टीम लगाकर इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करावे यह बात सभापति अमृत कलासुआ ने सफाई शाखा को निर्देशित करते हुए कही। उन्होंने आयुक्त को भी निर्देशित किया है कि वह इन कार्यों का निरीक्षण करें । सभापति ने कहा कि वार्डो में नालियों की नियमित सफाई हेतु भी टीम बनाई जाए और प्रत्येक वार्ड में एक अभियान बनाकर इस कार्य को पूर्ण करें। उन्होंने कहां कि कहीं दुकानों व घरों के आगे से नालिया जा रही है जहा पक्की सीढिया बना दी गई है, यदि नालियों की पानी में कोई दिक्कत आएगी तो इन पक्को निर्माण को भी ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने कहां कि आमजन अपनी सुविधा को देखते हुए नालिया ब्लॉक कर देता है जिसके कारण अन्य लोगों को परेशानी होती है,उन्होंने सफाई शाखा को सख्त निर्देश दिए है कि ऐसी पक्की रेलिंग और पक्के निर्माण को तत्काल प्रभाव से ध्वस्त किया जाए जिससे नालिया या नाले ब्लॉक हो रहे हो। सभापति ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी आयुक्त को निर्देशित किया है कि वह स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करे और शहर में साफ -सफाई व्यवस्था की शिकायत का तत्काल निवारण करे। इधर सभापति के निर्देश पर आयुक्त ने शहर के सभी नालों और नालियों की सफाई हेतु निर्देशित किया और सफाई शाखा की टीम द्वारा नालों और नालिया की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है।

बदमाशों ने पत्नी से की छेड़छाड़

डूंगरपुर, (निसं)।धंबोला थाने में एक व्यक्ति ने 7 बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। बदमाश आधी रात को शराब पीकर उसके घर आए। नॉनवेज मांगा और नहीं देने पर जबरन उसके घर में घुसकर लाखों के सोने.चांदी के जेवर और कैश लूट लिए। बदमाशों ने उसकी पत्नी से भी छेडछाड की। लोगो के आने पर सभी बदमाश मौके से भाग गए। धंबोला थाना पुलिस के अनुसार सुरेश खटीक पुत्र अंबालाल खटीक निवासी सागवाडा हाल सीमलवाडा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सुरेश ने बताया कि वह नॉनवेज की दुकान चलाता है। 9 जून की रात के समय वहए उसकी पत्नी और 2 बच्चे घर में सोए हुए थे। रात करीब 12 बजे कुछ लोगों ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोला तो 3 बाइक पर कुछ लडके थे। उन्होंने नॉनवेज मांगा। मना करने पर बदमाश जबरन धक्का देते हुए उसके घर में घुस गए। घर में बैग में पडे 50 हजार रुपएए 3 तोला सोने और 20 तोला चांदी के जेवर लूट लिए और उसकी पत्नी के साथ छेडछाड करने लगे। पत्नी को जबरन घसीटते हुए बाहर खींचने लगे। विरोध करने और चिल्लाने पर आस पास के लोग दौडकर आए। इस पर बदमाश मौके से भाग गए। पीडित ने बताया कि जाते जाते बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देकर गए। इस दौरान बदमाश अपनी एक बाइक मौके पर ही छोड गए। जिसे धंबोला पुलिस ने जब्त कर लिया है। पीडित का आरोप है कि अब बदमाश उसे फोन पर 1 लाख 80 हजार रुपए की फिरौती मांग कर रहे हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

ईदुल अजहा का त्यौहार कल

उदयपुर, (कासं)।अन्जुमन तालीमुल इस्लाम उदयपुर को मिली चांद की शरई शहादत के तहत मुस्लिम समाज 17 जून को ईदुल अजहा की विशेष नमाज अदा करने के बाद कुरबानी करते हुए ईदुल अजहा का त्यौहार मनाएगा।अंजुमन सदर मुजीब सिद्दीकी, सेकेट्री आबिद खान पठान व अंजुमन कमेटी ओहदेदारान व मेम्बरान ने सभी को ईदुल अजहा की मुबारकबाद पेश की व सदर मुजीब सिद्दीकी ने इस पर्व को आपसी सौहार्द व भाईचारे से मनाने की बात कही। साथ ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईदुल अजहा के इस पर्व के मौके पर 17, 18 व 19 जून तक कुर्बानी की जाएगी जिसके चलते कुरबानी करते हुए किसी प्रकार का फोटो या वीडियो वायरल न करें। चारा ्क्रय विक्रय करने वाले चारा व अन्य कचरा इधर-उधर ना डालेए साफ.सफाई का पूरा ध्यान रखें और साथ ही घरों में कुर्बानी के बाद होने वाला वेस्टेज बीन बेग में इकट्ठा करके उसे नगर निगम द्वारा भेजे गए वाहनों में ही डालें। किसी भी प्रकार का वेस्ट मेटेरियल खुले में ना डाले।

मंत्री दिलावर पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को देख हुए अभिभूत

■ शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी : मंत्री दिलावर

राजसमंद, (निसं)। शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर शनिवार को राजसमंद जिले के सघन दौरे पर रहे। उन्होंने सुबह से लेकर शाम तक कांकरोली, भावा, पिपरडा, पिपलांत्री सहित अन्य जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। मंत्री ने अपने अलग-अलग कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा पर जोर दिया। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई और तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 5० फीसदी आरक्षण प्रदान करने के निर्णय को महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

उनके दौरे में कुंभलगढ विधायक सुरेन्द्रसिंह राठौड, जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी, राजसमंद प्रधान अरविन्दसिंह राठौड, भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, नर्बदा शंकर पालीवाल, जवाहर जाट, मुकेश जोशी, माधव चौधरी, दिग्विजयसिंह भाटी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। पीपरडा ग्राम में कार्यकर्ता शंकर खींची को मातृशोक होने पर उनके घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह समाजसेवी एवं बालाजी धाम उमराया के ट्रस्टी महेंद्र कोठारी के निवास पर अल्पाहार लिया। साथ ही तरसिंगडा ग्राम में एक निर्धन आदिवासी रूपलाल के निमंत्रण पर उसके घर जाकर भोजन किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांकरोली में अणुव्रत विश्व भारती सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने स्कूल शिक्षा में 1०4 अव्वल छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा परीक्षा 2०24 1०वीं में 99.67 प्रतिशत अर्जित कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हर्षिका मेहरा पिता अविनाश मेहरा को सम्मानित किया। 12वीं की परीक्षा में कला वर्ग में जिले की टॉपर भव्या शर्मा 97.8० प्रतिशत, आस्था इटोदिया 97.8० प्रतिशत, विज्ञान वर्ग में जिले की टॉपर रीतिका श्रीमाली 97.4० प्रतिशत तथा वाणिज्य वर्ग में जिले के टॉपर कुणाल जैन 99 प्रतिशत को सम्मानित किया। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों के अन्य छात्र/छात्राओं का भी सम्मान किया। इसके साथ ही भावा स्थित एक निजी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भी उन्होंने शिरकत की जहां मंत्री दिलावर का विभिन्न संगठनों द्वारा सम्मान किया गया। इसके अलावा सनवाड स्थित आरके राउमावि में भी संगठनों ने उनका सम्मान कर जिले में आने पर स्वागत किया।

मंत्री दिलावर ने कहा कि नई जनरेशन में प्रचुर क्षमता है, बस उन्हें को अवसर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, वें अपेक्षा करते हैं कि राज्य के शिक्षक मिलकर और बेहतर परिणाम अगले वर्ष देंगे। उन्होंने कहा कि बहुत ज्यादा अंक लाना ही पर्याप्त नहीं है, बच्चों को अच्छे संस्कार देना भी जरूरी आई। उन्होंने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का अंकुरण भी होना चाहिए, शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होंगे तो सोने पर सुहागा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि संगत का भी व्यक्ति के जीवन पर बहुत प्रभाव होता है, परिवार को ध्यान देना चाहिए कि उनके बच्चे की दोस्ती किस व्यक्ति से है, वह किसके साथ उठता बैठता है, संस्कार युक्त शिक्षा जरूरी है।

उन्होंने पर्यावरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि पेड हमारे जीवन का मूलभूत आधार हैं, पेड हमें छाया, ऑक्सीजन और सब कुछ देते हैं। पेडों से तापमान काम होता है, प्रदूषण कम होता है और भी अनेक फायदे मिलते हैं लेकिन दुर्भाग्य से मानव ने अपने लालच में पेडों को काटने का काम किया है जिससे आज गर्मी निरंतर बढ रही है और असहनीय हो रही है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को पेड जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगस्त में राज्य सरकार एक महाअभियान आयोजित करने जा रही है जिसके माध्यम से प्रदेश में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संगठन, संस्थाएं, व्यायसायी, आमजन पौधारोपण में आगे आए, सरकार द्वारा स्थानीय निकाय विभाग और पंचायतीराज विभाग के माध्यम से सभी को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने मंच से एक पेड, देश के नाम का नारा दिया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू किया है, इसके लिए राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश की महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने, विद्यालयों में सुविधाओं के विस्तार, कार्मिकों की कमी आदि दिशा में भरपूर प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रेस वार्ता में भी आमजन से पौधारोपण की अपील की।शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को कई जगहों से भोजन के निमंत्रण थे लेकिन उन्होंने एक आदिवासी के घर जाकर भोजन किया। उन्होंने तरसिंगडा ग्राम में एक निर्धन आदिवासी रूपलाल गमेती के निमंत्रण पर उसके घर जाकर भोजन किया। इस दौरान रूपलाल की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने कहा कि कभी सोचा नहीं था राज्य सरकार के मंत्री उसके घर आएंगे और भोजन भी करेंगे। उसने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का साफा पहना कर स्वागत किया। मंत्री ने भी पूरे परिवार के साथ फोटो खिंचवाई और रूपलाल की बेटियों को आशीर्वाद भी दिया। साथ ही कहा कि वह कोई भी आम समस्या के लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं। रूपलाल ने भी कहा कि मंत्री दिलावर के आगमन ने जब हमारे घर आकर भोजन किया और हमारे परिवार के साथ समय बिताया तो यह हमारे लिए अविस्मरणीय पल बन गया। पिपलांत्री में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पद्मश्री और पर्यावरणविद श्याम सुंदर पालीवाल द्वारा क्षेत्र में किए गए पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न कार्यों को देखा और अभिभूत दिखे। यहाँ उन्होंने अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

अस्पताल को नए भवन में स्थानांतरित करने को लेकर बैठक

कुशलगढ़, (निसं)। रेफरल चिकित्सालय में कुशलगढ़ विधायक रमिला खड़िया की अध्यक्षता में पुराने भवन से नए भवन में अस्पताल को स्थानांतरित करने को लेकर शनिवार को बैठक आयोजित की गई।

विधायक रमिला खड़िया ने कहा कि मैंने जनता के लिए उपजिला अस्पताल कुशलगढ़ पंचायत समिति परिसर में बनवाया है अगर उस अस्पताल परिसर का उपयोग नहीं किया गया तो वह खंडहर बन जाएगा पुराने भवन को लेकर उन्होंने कहा कि पुराना भवन जर्जर हालत में हो चुका है नए भवन में सभी तरह की सुविधा उपलब्ध की गई है वहीं नगर की जनता का कहना है कि पुराने भवन में पहले सिटी डिस्पेंसरी चालू की जाए उसके बाद नए भवन में अस्पताल को स्थानांतरित किया जाए क्योंकि नया भवन नगर से 2 किलोमीटर की दूरी पर है आने जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रतीक मेहता ने कहा कि आसपास क्षेत्र से आने वाले मरीजों को नए भवन तक जाने के लिए ऑटो रिक्शा किराया 150 रुपया देना पड़ेगा जब पुराना भवन नगर के मध्य बना हुआ है तो यहां पर पहले सभी तरह की सुविधा उपलब्ध की जाए उसके बाद ही नए भवन में अस्पताल को स्थानांतरित किया जाए उन्होंने कहा कि नगर में सिटी डिस्पेंसरी होने से एक महिलाओं को भी अकेली जाने में कोई असुविधा नहीं होगी अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर चिमनलाल मेडा ने कहा कि बैठक में सभी की राय से नए भवन के लिए प्रस्ताव लिया गया है जिसको जिला मुख्यालय पर जिला अधिकारी मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को भेजा जाएगा उनके द्वारा जो आदेश दिया जाएगा उसके अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कुशलगढ़ नगर के जनप्रतिनिधि और पार्षदों ने बैठक में भाग नहीं लिया उनका कहना है कि अस्पताल का नया भवन जो बनाया गया है वह मात्र 20 बेड का ही बनाया हुआ है जबकि पुराने भवन में 150 बेड का भवन बना हुआ है और कई वर्षों से अस्पताल चल रहा है जब तक नए भवन में सभी तरह की सर्व सुविधा उपलब्ध नहीं की जाती है तब तक के लिए नए भवन में स्थानांतरित नहीं किया जाए। बैठक में विधायक रमिला खड़िया तहसीलदार कुशलगढ़ रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रतीक मेहता प्रमुख चिकित्सा अधिकारी चिमनलाल मेडा विजय खड़िया लक्ष्मण धाम सरपंच राकेश और डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ बैठक में उपस्थित थे।

पेयजल आपूर्ति का किया निरीक्षण

बांसवाड़ा, (निसं)। कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने छोटीसरवन पंचायत समिति की जहांपुरा ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति का निरीक्षण किया। जलदाय विभाग के अधिकारी ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत जहांपुरा के चार गांवों जहांपुरा, तीलगारी, गढ एवं हरियागढ ग्रामों में जहांपुरा से 21० हजार लीटर टंकी से 35 सामूहिक नल कनेक्शनों द्वारा नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। गांव तिलगारी में जहांपुरा पुलिया के निर्माण में पाईपलाइन क्षतिग्रस्त होने व चोकिंग होने से पेयजल आपूर्ति बाधित होने की शिकायत पर कलक्टर ने इसे जल्द मरम्मत करने एवं समस्त सामुहिक नल कनेक्शनों की जांच कर आवश्यक पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विकास अधिकारी, तहसीलदार, एईएन पीएचईडी, वीडीओ, पटवारी एवं सरपंच आदि मौजूद रहे। कलक्टर यादव ने जलजीवन मिशन के तहत छोटीसरवन में हो रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया।

नमन यात्रा निकाली

उदयपुर। अखिल भारतवर्षीय श्री गुरु पुष्कर संगठन समिति उदयपुर की ओर से आयोजित नवकार महामंत्र के आराधक गुरुदेव पुष्कर मुनि महाराज के तीन दिवसीय संयम शताब्दी समारोह के दूसरे दिन शनिवार को 131 से अधिक चारपहिया वाहनों नमन यात्रा निकाली गई। अध्यक्ष संजय भण्डारी एवं मंत्री श्याम झगडावत ने बताया कि शनिवार सुबह 6.15 बजे शास्त्री सर्कल स्थित श्री तारक गुरु जैन ग्रंथालय पर महाश्रमण गुरुदेव जिनेन्द्र मुनि के मांगलिक एवं नगर निगम उपमहापौर पारस सिंघवी ने जैन ध्वज दिखाकर 131 से अधिक चार पहिया वाहन की नमन यात्रा को गोगुन्दा सेमटाल स्थित गुरु पुष्कर तीर्थ पावन धाम के लिए रवाना किया। चार पहिया वाहन रैली में सबसे आगे खुली जिप्सी में गुरुदेव पुष्कर मुनि महाराज बडी सी फोटो रखी थी। उसके बाद डीजे बैण्ड अपनी मधुर स्वर लहरियां बिखेरते हुए चल रहे थे। सभी गाडियों पर जैन ध्वजों एवं लाल रिबन से दुल्हन की तरह सजाई गई।

दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में टीटी की दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ खेल स्टेडियम स्थित टीटी हॉल में हुआ।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नगर परिषद् के सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि इस जनजातीय अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नही है उनके लिए अवसर भी पर्याप्त है एवं यहां की प्रतिभाएं राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम भी लहरा रही है। उन्होंने कहा कि कुशलबाग मैदान तथा कॉलेज मैदान में स्टेडियम बन जाने से खेल प्रतिभाओं को सुविधा मिल रही है। अध्यक्षता करते हुए इंडिया सिमेन्ट के जनरल मेनेजर एचआर एके पाण्डे ने कहा कि खेल हमें अनुशासन सिखाते है।

खिलाडी मैदान में जो सीखता है वह जीवनभर काम आता है। विशिष्ट अतिथि जिला खेल अधिकारी धनेश्वर मईडा ने कहा कि प्रतिभाएं आगे बढे तथा जिले का नाम रोशन करे इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। विशिष्ट अतिथि प्रदूषण नियत्रंण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी रवि चन्देल ने कहा कि खिलाडी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कडी मेहनत करें। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज माथुर ने कहा कि दो दिवसीय इवेन्ट के विभिन्न आयु वर्ग में 75 खिलाडी भाग ले रहे है।

कार्यक्रम में एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. दिनेश भट्ट व राष्ट्रीय खिलाडी रह चुके वीरेन्द्र सिंह तंवर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष माथुर, डॉ. भट्ट, अनुराग दुबे, घनश्याम जोशी, राजेश शर्मा, अशोक पटेल, ईरशाद सिद्दीकी, दीपेश जोशी, प्रवीण पंचाल, मीनू मेहता, आलप जोशी ने किया। सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने मैच का विधिवत उद्घाटन किया।

समारोह का संचालन उपाध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने किया जबकि आभार सचिव अनुराग दुबे ने माना। जनरल रेफरी विजित सिंह व राकेश शुक्ला ने बताया कि अण्डर 14 गर्ल्स मुकाबले में जिशा जोशी ने गीत पाटीदार को 11-3, 11-4, अण्डर-19 बॉयज मोहित पटियात ने मेहुल को 11-8,11-4 ,सिनियर गर्ल्स में जील ने नेहा को 11-2, 11-8 गर्ल्स डबल में निकिता व मिलन की जोडी ने रूजोना व नेहा की जोडी को 11-9, 11-3 से पराजित किया।

एक शाम बैराठ माता नाम भक्ति संध्या में उमड़ा जनसैलाब

राजसमंद, (निसं)। जिले में उसरवास गांव के चौराहे पर बिराजित श्री बैराट माता मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव की दूसरी वर्ष गांठ के उपलक्ष्य में ज्येष्ठ मास की नवमी पर आयोजित रात्रि जागरण में श्रद्धालुओं का ज्वार उमड पडा। शनिवार अल सुबह मंगल वैला में ढोल, नंगाडा, मृदंग की धून व जयकारों के बिच मंदिर पर ध्वजा चढाई गई। इस अवसर पर बैराट माता की प्रतिमा को पूजारी इंद्रलाल बारेठ, कल्पेश बारेठ आदि उपासकों द्वारा फूलों का आकर्षक श्रृंगार धराया गया।

माता के दर्शनों के लिए पहुंचे जातरूओं का क्रम शाम ढलने के साथ शुरू हुआ जो अल सुबह तक जारी रहा। रात ठीक सवा 2 बजे महा आरती की गई। इससे पहले देर रात्रि तक आयोजित भक्ति संध्या में भक्ति भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। जिस पर महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने जमकर भाव नृत्य किए। इस दौरान महिलाओं ने भी मंगल गीत गाए। श्रद्धालु माता की जयघोष के साथ नाचते झूमते मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की मन्नत मांगी। मुख्य उपासक (भोपाजी) इन्दरलाल बारेठ के सानिध्य में बैराट माता मंदिर परिसर में आयोजित भक्ति संध्या में देर रात्रि तक कलाकारों ने एक से बढकर एक प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। अर्द्ध रात्रि कालीन में हुई महा आरती में भक्तों ने जयकारों व गीतों के संगान के साथ माताजी का आव्हान किया एवं तन्मयता से भक्ति भाव प्रकट किया। भक्ति संध्या में तबला, ढोलक वादक एवं साज साउंड से संबंधित कलाकार सत्यनारायण एण्ड पार्टी चिकारडा के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का मन जीतने के साथ भजनों पर झूमनें पर मजबूर कर लिया। महा आरती पश्चात देवी उपासक प्रतिनिधि के रूप में भोपाजी इंदरलाल बारेठ, सोहनसिंह, देवी सिंह आदि साधक आशीर्वाद प्रदान करते हुए श्रद्धालुओं के मध्य फूल पत्तियों, गौमूत्र का छिडकाव करते पधारें एवं उत्साह के साथ भक्तों को आशीर्वाद देते हुए आनंदित कर देने से माहौल भक्तिमय हो उठा। इस दौरान कल्पेश बारेठ, यशवंत बारेठ, पीयूष सुथार, देवीलाल गाडरी, राहुल आचार्य, किशन कुमावत, सुजल सुथार, अर्जुन कुमावत, नारायण लाल, नंदलाल कुमावत, बजरंग रजक, परसराम बारेठ सहित सैकडों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक दूधियां रोशनी व फूलों से सजाया तथा देवी प्रतिमाओं को विशेष श्रृंगार धराया गया।

भजन गायक सत्यनारायण ने गणपति वंदना एवं गुरु वंदना से भक्ति संध्या का आगाज किया। उसके बाद उन्होंने घुमादे म्हारा बालाजी गमड-गमड गौटो..., मनडे रा मोरिया....,चौसठ जोगण्यां ए म्हारा मंदरियें रमजा.... आदि एक से एक बढकर भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

सार-समाचार

भाजपा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। भारतीय जानता पार्टी की संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार के नेतृत्व में हुई, जिसने उपस्थित मचासीन अतिथियों में पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, प्रदेश मंत्री अनीता कटारा पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह, जिला प्रमुख सूर्या अहारी,सभापति सुदर्शन जैन,एसटी मोर्चा के कांतिलाल डामोर व महामंत्री धनपाल जैन, नानूराम परमार, इंद्रवीरसिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक की शुरुआत में जिलाध्यक्ष हरीश पटीदार ने आने वाले 21 जून से लेकर 15 अगस्त तक होने वाले संगठनात्मक कायक्रमों की जानकारी दी, जिसमें 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मण्डल स्तर पर 22 को सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि जिला स्तर पर, 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्य तिथि मण्डल स्तर पर, 25 जून को आपातकाल कला दिवस जिला स्तर पर, 30 जून को मन की बात बूथ स्तर पर, 6 जुलाई डॉ. श्यामा प्रसाद जयंती शक्ति केंद्र पर जिसमें पौधारोपण किया जाएगा जिसका लक्ष्य 370 पौधे शक्ति केंद्र पर लगाने है व पन्द्रह अगस्त पर स्वतन्त्रता दिवस के रूप में मानना है। एसटी मोर्चा के कांतिलाल ने लोकसभा के हार के कारणों की समीक्षा की और बताया की केंद्र सरकार व राज्य सरकार लगातार गरीब कल्याण की योजनाये दे रहा है और इस क्षेत्र की जानता को फायदा भी लगातार मिल रहा है फिर भी इस क्षेत्र की जानता भारतीय जानता पार्टी को वोट नहीं दिया इसका मुख्य कारण कथाकथित लोग वागड की भोली जानता को बरगला रहे है और कही ना कही हम लोग इन कल्याण कारी योजना के फायदो की जानकारी लोगो तक नहीं पहुँचा पा रहे है । दूसरी और जानता को जलि के विकास से यादा समाज की राजनीति कर वागड कीभोली-भली जानता को गर्त में डालने की कोशिश ही नहीं कर रहे बल्कि इसमें ये सफल भी हुए है। सुशील कटारा ने कहा कि अभी ये तूफान आया है और इसको थामना होगा हमे हतोत्साहित नहीं होना है हर अंधेर के बाद उजाला आता है। हमे बूथ लेवल पर अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता है बूथ पर चाहे हमारे एक कार्यकर्ता हों पर प्रामाणिक हो,संचालन धनपाल जैन ने किया।

चोरियों पर रोक की मांग

डूंगरपुर, (निसं)। शहर सहित जिले भर में बढती वारदातों, मनचलों, पॉवर बाईकर्स सहित विभिन्न बिन्दुओं पर शनिवार को कोतवाली थाने में हुई सीएलजी बैठक में सदस्यों ने प्रमुखता से उठाते हुए उसके स्थायी समाधान की मांग की। शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के नेतृत्व में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर शहर में लगातार बढती चोरियों को लेकर खासा रोष प्रकट करते हुए कहां कि अपराधिक तत्वों में पुलिस का कोई डर ही नहीं है। जो रोजाना सुबह की पहली किरण के साथ ही चोरी की वारद